एक नजर में

रामपुरा में आली कदर सैयदना सा . का जन्मदिवस हर्षोल्लास उमंग के साथ मनाया

नीमच। जिले के रामपुरा में बोहरा समाज के धर्मगुरु रूहानी पेशवा का 82 वा सालगिरह दाऊदी बोहरा समाजजनो द्वारा हर्ष उल्लास तथा उमंग के साथ मनाया गया गौरतलब है कि सैयदना आली कदर मुफद्दल सैफुद्दीन साहब का 82 वा जन्मदिवस तथा बोहरा समुदाय के 52 वे धर्मगुरु हिज होलीनेस डॉक्टर सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन सा . का 115 वा जन्म दिवस आज बोहरा समाज ने एक साथ मनाया इस अवसर पर दाऊदी बोहरा समाज रामपुरा के आमिल सा .के प्रतिनिधि डॉक्टर काईद ज़ोहर साहब की सरपरस्ती में बोहरा समाज जनो द्वारा मोहम्मदीया स्कूल से एक भव्य जुलूस निकाला जुलूस का शहर में कई स्थानों पर समाजसेवी संगठनों द्वारा फूल बरसाकर स्वागत किया गया, जुलूस में शामिल समाज जनों व बच्चों ने अमन चैन शांति का संदेश दिया जुलूस का समापन बोहरा समाज कीविश्व प्रसिद्ध दरगाह हजरत सैय्यदी बावा मुल्लाखान साहब के मजार मुबारक पर हुआ जहां पर सभी समाज एक दूसरे को मुबारकबाद दी तथा मजार पर बोहरा समुदाय के धर्म गुरु रूहानी पेशवा सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की लंबी उम्र की दुआ की गई तथा देश में अमन शांति के लिए भी सामूहिक दुआ की गई ।

शहरा मैदान में सजेगा अस्थायी दीपावली बाजार

नीमच। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए नगर पालिका द्वारा शहरवासियों की सुविधा और व्यापारियों के लिए अस्थायी बाजार का आयोजन दशहरा मैदान में किया जा रहा है। इस संबंध में शनिवार को नगर पालिका के अधिकारी टेकचंद बुनकर, महावीर जैन सहित अन्य अधिकारियों ने मैदान का निरीक्षण करते हुए दुकानों की मार्किंग लाइन डलवाई। जानकारी के अनुसार नगर पालिका को अब तक करीब 226 आवेदन अस्थायी दुकानों के लिए प्राप्त हुए हैं। इनमें दीये, सजावटी सामग्री, खिलौने,लाइट,परमल,पताशे व अन्य त्योहारी सामान की दुकानें शामिल होंगी। नगर पालिका द्वारा दुकानों का आवंटन सोमवार को किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक दुकान के लिए निर्धारित स्थान तय कर लिया गया है ताकि बाजार सुव्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संचालित हो सके। साथ ही बिजली,पानी,साफ-सफाई और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था भी की जाएगी।

गुरुदेव की सुरिमंत्र पीठिका की पूर्णाहूति पर सामूहिक सामयिक संपन्न

नीमच। अवंति तीर्थोद्धारक खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी प्रवर्तिनी प्रमोद श्री जी म. सा. की शिष्यरत्ना पूज्य श्री राजेन्द्र श्री जी म. सा. एवं वाणिसिद्ध ज्योतिर्विद श्री विजेन्द्र श्री जी म. सा. की चरणश्रिता मालवा मेवाड़ ज्योति मेवाड़ मालवा रत्न शिरोमणि स्पष्टवक्ता परम पूज्य साध्वी गुणरंजना श्री जी मसा की निश्रा मे परम पूज्य गुरुदेव अवंती तीर्थोद्धारक खरतर गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी म. सा. की सूरीमंत्र पीठिका महालक्ष्मी देवी की साधना की पूर्णाहुति 12अक्टुम्बर को हुई ।गुरुदेव की सूरीमंत्र पीठिका की पूर्णाहूति के उपलक्ष्य में नीमच में श्री पार्श्व पद्मावती धाम शक्ति नगर नीमच पर सुबह 9से 10 बजे तक सामूहिक सामयिक का आयोजन किया गया है जिसमें सभी सकल श्रीसंघ के सदस्यों ने धर्म लाभ लिया।

आंगनबाड़ी केंद्र पर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

नीमच। आंगनबाड़ी केंद्र धनेरिया कलां में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की ओर के तहत दवा पिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य कांता हरीश अहीर ने फीता काटकर किया। शुभारंभ के बाद सभी छोटे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई और उनके स्वस्थ भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर पल्स पोलियो सुपरवाइजर उमा पवार, ललिता माली, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजूनाथ, आशा कार्यकर्ता कांता अहीर, सहित बच्चे व उनके परिजन उपस्थित रहे। जनपद सदस्य कांता अहीर ने कहा कि पोलियो मुक्त भारत बनाने में सभी की भागीदारी आवश्यक है, कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

26 अक्टूबर को अन्नकूट व बुजुर्गों का सम्मान

नीमच। खण्डेलवाल वैश्य समाज की कार्यकारिणी की एक अहम बैठक होटल राजभोग पर आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि समाज का भव्य अन्नकूट महोत्सव आगामी 26 अक्टूबर रविवार को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के 70 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुष वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में छप्पन भोग का आयोजन रहेगा। साथ ही समाज की महिलाएं घर से 5-5 दीपक लेकर आएंगी जिससे दीपक महाआरती होगी। महिला मण्डल की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेंगी। वहीं रंगारंग आतिशबाजी भी उत्सव में विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ संत सुंदरदास जी की आरती से होगा, जिसके पश्चात् सभी स्वजातीय बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। समाज अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेलवाल व सचिव राजेश लाभी ने कहा कि अन्नकूट महोत्सव समाज में एकता सहयोग और संस्कारों के संचार का प्रतीक है। सभी समाजबंधु सपरिवार उपस्थित होकर इस पारंपरिक उत्सव की गरिमा बढ़ाएं। महिला मण्डल अध्यक्ष साधना खण्डेलवाल व कोषाध्यक्ष हेमा वैध ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज के हर आयोजन में उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है। इस बार भी महिलाएं अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को विशेष बनाएंगी।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षाओं का शुभारंभ

▸ पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वदेशी जागरण अभियान पर व्याख्यानमाला

मंदसौर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मंदसोर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की कक्षाओं का शुभारंभ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर व्याख्यान माला का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार बृजेश जोशी उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य विनीता प्रधान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी मंचासीन रह है।

कार्यक्रम में तृप्ती बैरागी ने कहा कि इस सत्र के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी बच्चों को जन अभियान के बारे में विस्तृत से जानकारी दी।

यह कक्षाएं उत्कृष्ट विद्यालय में संचालित की जाएगी सभी छात्रों को सामाजिक क्षेत्र किस तरह हमें काम करना है, इसके बारे में बिंदु वार बिंदु नवीन छात्रों को बताया गया इसके पश्चात उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य महोदय श्रीमती विनीता प्रधान ने सभी छात्रों को नए सत्र शुभारंभ होने की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात वरिष्ठ पत्रकार जोशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन शैली पर व्याख्यान माला बताते हुए कहा कि दीनदयालजी जो अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति की बारे में सोचते थे। आज भी समाज उन्हें उनके विचारों को याद करता है। ऐसे महान पुरुष की जन्म जयंती हम मना रहे हैं।

इसके पश्चात पाठ्यक्रम के बारे में हम समझाया किस तरह नेतृत्व कर सके उसके बारे में हमें पंडित दीनदयालजी से सीखना चाहिए। इसके पश्चात जोशी ने आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के बारे में बताया कि हमें आने वालों त्योहार पर हमें देश में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करें व खरीदी करें ताकि देश को मजबूती मिले और हमें हमारे देशवासियों को उनका अधिकार मिले जैसे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पाद दीपक, कपड़े, खादी, जैसी वस्तुओं को खरीदें इस अवसर जन अभियान परिषद से अर्चना रामावत, राजु प्रजापति, सामाजिक कार्यकर्ता बंशीलाल राठौर, दिनेश सोलंकी, ओम बड़ोदिया, मेंटर्स संदीप शर्मा, सृष्टि शर्मा, अनिल सुमन एवं छात्र एवं छात्राएं पर उपस्थित रहें। कार्यक्रम में संचालन और रुपदेव सिसोदिया ने किया और आभार रघुवीर सिंह राठौड़ ने माना।

जहरीले कप सिरप से हुई बच्चों की मौत के दोषियों पर रासुका की कार्रवाई हो : बंसल

मंदसौर। सामाजिक कार्यकर्ता और पार्षद सुनील बंसल ने एक वक्तव्य ने कहा है कि मध्य प्रदेश में सिरप से बच्चों की हुई मोतो पर सरकार ने बहुत कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया नहीं कोई मुवावजै की राशि घोषणा की जबकि जहरीली शराब से होने वाली मृत्यु पर सरकार तुरंत मृतकों को 10 लाख की राशि स्वीकृत करती है।

उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में जिस जहरीले सिरप से बच्चों की जो मोत हुई है निश्चित रूप से एक हृदय विदारक घटना है। इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए ।संबंधित जितने भी लोग हैं उनके खिलाफ रासुका की कार्रवाई के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। मृतक बच्चों के परिवारों को 10 लख रुपए की मुवावजा राशि देनी चाहिए, जो दवाई कंपनी है उसकी संपत्ति को बेचकर उसमें से भी एक बड़ी राशि जो परिवार में अपने बच्चों को खोया है उनको देना चाहिए। हमारा ओषधी कानून है उसमें सख्ती लाई जानी चाहिए कर्मचारियों की अधिकारियों की कमी है तो उन्हें भरकर सख्ती से नियमों का पालन कर कर लोगों की जान को बचाने का प्रयास करना चाहिए। श्री बंसल ने कहा कि राजनीतिक दल दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं निश्चित रूप से सरकार के जवाब देही बनती है और इस घटना पर सरकार को एक श्वेत पत्र भी जारी करना चाहिए।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में जनभागीदारी को मिलेगी प्राथमिकता

▸ सिटीजन फोरम के साथ ट्रैफिक एवं रोड सेफ्टी पर हुई विशेष बैठक संपन्न

मंदसौर। कलेक्टर कार्यालय सभागार में आज सिटीजन फोरम के साथ ट्रैफिक व्यवस्था एवं रोड सेफ्टी के संबंध में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीना, एडिशनल एसपी टी.एस. बघेल ने विस्तृत जानकारी प्रदान की।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सही दिशा में लाने और उसे स्थायी रूप से सुधारने के लिए सिटीजन फोरम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ट्रैफिक प्रबंधन एक सामूहिक जिम्मेदारी है और इसमें जनभागीदारी सबसे बड़ा योगदान दे सकती है। बैठक में बताया गया कि बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, भारत माता चौराहा, घंटाघर, मंडी गेट से लेकर प्रतापगढ़ पुलिया तक की सड़क को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस मार्ग पर ट्रैफिक संकेतक, सिग्नल और आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर है।

मॉडल रोड निर्माण और ट्रैफिक सुधार के लिए जनजागरूकता अत्यंत आवश्यक है। दिवाली के बाद व्यापारियों, दुकानदारों, ठेला संचालकों एवं अन्य समूहों के साथ अलग-अलग बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि उन्हें ट्रैफिक नियमों और नई व्यवस्था की जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक हेलमेट का उपयोग करें और पीछे बैठने वाला व्यक्ति भी हेलमेट लगाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए माइक्रो लेवल पर प्लानिंग और कैंपेन कैलेंडर तैयार किया जा रहा है, जिसे सिटीजन फोरम एवं संबंधित संस्थाओं के साथ साझा किया जाएगा।

बैठक के दौरान सिटीजन फोरम के सदस्यों ने भी अपने विचार एवं सुझाव रखे और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी नागरिक फील्ड में जाकर लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करें और सुव्यवस्थित शहर निर्माण में अपनी भागीदारी अदा करें।

सिंगोली क्षेत्र में 5 खाद्य प्रतिष्ठानों पर प्रशासन ने की कार्रवाई

▸ दो खाद्य प्रतिष्ठानो को नोटिस जारी

▸ सोयाबीन तेल, अजवाइन, जीरा, मैथीदाना आदि खाद्य सामग्री के 15 नमूने के लिए

नीमच। आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार त्योहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा की जा रही है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच की टीम ने शनिवार को धनगांव तहसील सिंगोली स्थित आदिनाथ लघु उद्योग एवं ऑयल मिल का आकस्मिक निरीक्षण किया। बिजासन माता रोड सिंगोली स्थित नमकीन प्रतिष्ठान बालाजी ग्रह उद्योग, तिलस्वां रोड स्थित फर्म विनोद कुमार कमलेश कुमार, तिलस्वां रोड सिंगोली स्थित फर्म सौभागमल मूलचंद एवं रावतभाटा रोड सिंगोली स्थित न्यू जोधपुर मिष्ठान भंडार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इन फर्मों पर विक्रय हेतु भंडारित, निर्मित खाद्य पदार्थों मलाई बर्फी, घी, मूंगफली तेल, सोयाबीन तेल, अजवाइन, जीरा, सौंफ, मैथीदाना, हल्दी पाउडर, मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर मसालों आदि के 15 नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जाएगी। आदिनाथ लघु उद्योग एवं ऑयल मिल एवं न्यू जोधपुर मिष्ठान भंडार पर नियमानुसार साफ सफाई नहीं पाए जाने पर सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्री यशवंत कुमार शर्मा एवं श्री राजू सोलंकी की टीम ने की है।

दीपावली पर अपने घर ही नहीं बल्कि शहर को भी स्वच्छ बनाए रखने में करें सहयोग

नीमच। हम सबने ये ठाना है शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाना है के उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्य निरन्तर अभियान चला कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में जुटे हुए हैं, अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 12 अक्टूबर को गांधी नगर स्थित स्मृति वन परिसर में प्रात: 8 से 10 बजे तक श्रमदान कर एक ट्राली से अधिक प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी, फटे पुराने कपड़े कांच की बोतले, खरपतवार आदि एकत्रित कर ढेर लगाकर परिसर को स्वच्छ बनाया इस अवसर पर संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रदुषित वातावरण से निजात पाने के लिए आमजन एवं शहरवासी दिपावली पर्व पर अपने घर ही नहीं बल्कि शहर को भी स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें, इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने कहा कि यह शहर आपका अपना शहर है, हमें अपने शहर को भी अपने घर की तरह स्वच्छ रखना शहर स्वच्छ होगा तो दिपावली पर्व पर माता लक्ष्मी सबके घर आयेगी हम सभी को मिलकर इस बार स्वच्छता की दिवाली अभियान चला कर अपने घर, व्यवसाय स्थल के साथ शहर को स्वच्छ सुंदर बनाए रखना है, अपने घरों से निकलने वाला गीला सुखा कचरा अलग-अलग एकत्रित कर नगरपालिका की कचरा गाड़ी में ही कचरा डाले, अभियान में संस्था संरक्षक नवीन अग्रवाल, जगदीश शर्मा, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा,हरिश उपाध्याय, मनीष काठेंड आदि ने 2 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई इसके पश्चात संस्था सदस्यों ने संस्था के पुर्व सचिव दिवंगत पर्यावरण योद्धा स्व श्री डॉ राकेश वर्मा के जन्म दिवस पर आम का पोधा रोपित कर श्रद्धांजलि दी गई,

एक नजर नीमच-मनासा मार्ग पर फिर टला बड़ा हादसा

कार नीलगाय से टकराई, बाल-बाल बचे दंपति

नीमच। नीमच-मनासा मार्ग पर रविवार को एक बार फिर बड़ा हादसा टल गया। इस मार्ग पर एक कार (आरजे 17 सीबी 8145) नीलगाय से टकरा गई, लेकिन गनीमत रही कि कार में सवार दंपति और उनका परिवार सीट बेल्ट लगाए हुए थे, जिसके चलते एयरबैग खुल गए और उनकी जान बच गई।

जानकारी के अनुसार जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हाल ही में कालीकोटड़ी के एक युवक की कार दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। वहीं सीआरपीएफ के एक जवान की भी सड़क हादसे में जान जा चुकी है। इन लगातार होती घटनाओं ने राहगीरों और श्रद्धालुओं में दहशत पैदा कर दी है।

यह मार्ग मालवा की वैष्णो देवी महामाया भादवा माता मंदिर तक जाता है, जहां हर साल हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालु कहते हैं कि भादवा माता का आशीर्वाद तो हमें बचा लेता है, लेकिन सड़क की हालत भगवान भरोसे है।

हादसों के प्रमुख कारण-सड़क किनारों पर घनी झाड़ियां- सड़क के दोनों ओर झाड़ियां इतनी बढ़ गई हैं कि अचानक आने वाले जानवर जैसे नीलगाय या अन्य वाहन समय पर दिखाई नहीं देते। सड़क में बड़े गड्ढे- कई जगहों पर इतने गहरे गड्ढे हैं कि उनमें पूरा टायर समा जाए, जिससे वाहन असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। सड़क की चौड़ाई और साइड का अभाव- रोड के किनारे भराव न होने से वाहन का सड़क से उतरना खतरे से खाली नहीं। तेज गति से दौड़ते भारी वाहन - बड़े वाहनों की तेज रफ्तार से आम वाहन चालकों को कठिनाई होती है।

बिना हेलमेट और तेज रफ्तार दोपहिया वाहन - पुलिस द्वारा सख्ती नहीं होने से लोग ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते। गति अवरोधक नहीं - घनी आबादी वाले गांवों में स्पीड ब्रेकर नहीं होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मार्ग की नियमित सफाई, गड्ढों की मरम्मत, गति अवरोधक निर्माण और वाहन चालकों पर सख्त निगरानी की मांग की है।

श्रद्धालुओं का कहना है कि भादवा माता तीर्थ स्थल की ओर जाने वाले इस मार्ग की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि कोई भी भक्त या आम नागरिक हादसे का शिकार न बने।